गबन

नारायणगंज में उद्योगिनी एनजीओ पर फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप

# करोड़ों का खेल और सिर्फ कागजी विकास, हितग्राही परेशान






**नारायणगंज, नवभारत।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम देवरी कला बबलिया में वर्ष 2007 से संचालित उद्योगिनी एनजीओ इन दिनों अपने कार्यों को लेकर विवादों के घेरे में है। स्थानीय ग्रामीणों और बेरोजगार युवाओं ने एनजीओ पर करोड़ों रुपये के गबन और फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन की योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित रखने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

क्षेत्रीय दीदियों और ग्रामीणों का आरोप है कि सब्जी, फल-पौधे, मुर्गी पालन, बकरी पालन और सूअर पालन जैसी स्वरोजगार की तमाम योजनाएं धरातल पर शून्य हैं। चर्चा है कि अधिकारियों की मिलीभगत से हितग्राहियों के आधार कार्ड और आईडी लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए जाते हैं और करोड़ों रुपये का व्यय कागजों पर दिखा दिया जाता है। मौके पर जांच करने पर पता चलता है कि न तो हितग्राही के पास बकरी का शेड बना है और न ही उसे पशु उपलब्ध कराए गए हैं।

### सीमा विवाद और संसाधनों की हेराफेरी

एक चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि नारायणगंज ब्लॉक के किसानों के लिए आने वाली मशीनरी, खाद और बीज जैसे उपकरण निवास ब्लॉक के व्यक्तियों के घर रखे जाते हैं। आरोप है कि लेखा-जोखा नारायणगंज के हितग्राहियों के नाम पर दिखाया जाता है, लेकिन उनका वास्तविक लाभ दूसरे ब्लॉक के लोग उठा रहे हैं। यहाँ तक कि नारायणगंज में गठित एक समिति को दी गई मशीनें भी अधिकारियों के करीबी व्यक्तियों के अधिकार क्षेत्र में सौंप दी गईं, जबकि वास्तविक समिति के सदस्य इससे अनभिज्ञ हैं।

### जनप्रतिनिधियों से जांच की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि एनजीओ का कार्यालय अक्सर बंद रहता है और मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलता। स्थानीय युवाओं को आज तक यहाँ रोजगार नहीं मिला है। इस व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर बावलिया क्षेत्र में भारी जन-आक्रोश है। ग्रामीणों ने नारायणगंज जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीया और जिला प्रशासन से मांग की है कि ऑफिस के रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत की विधिवत जांच कराई जाए। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि फर्जी कृषकों के नाम पर आवंटित बीज और उद्योग असल में कहाँ गए हैं।

# कन्यादान योजना पर भ्रष्टाचार का साया

61 हजार मिलेंगे तो हमें क्या दोगे, ककैया पंचायत में सरपंच पति का रिश्वत मांगते वीडियो वायरल



**बिछिया, नवभारत.** मध्यप्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का एक गंभीर मामला सामने आया है। बिछिया विकासखंड की ग्राम पंचायत ककैया में सरपंच पति द्वारा हितग्राही से आवेदन पर हस्ताक्षर करने के बदले पैसों की मांग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी अनुसार ग्राम ककैया निवासी हितग्राही भूपेंद्र भांवरें ने आरोप लगाया है कि जब वे कन्यादान योजना का लाभ लेने के लिए सरपंच पति फागूलाल मरकाम के पास पहुंचे, तो उनसे कथित तौर पर रिश्वत की मांग की गई। वायरल वीडियो के आधार पर हितग्राही का कहना है कि सरपंच पति ने यह कहकर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया कि हमारे साइन से तुम्हें 61 हजार रुपए मिलेंगे, लेकिन हमें क्या मिलेगा। हितग्राही द्वारा पैसे देने में असमर्थता जताने पर फॉर्म पर साइन नहीं किए गए।

### प्रशासनिक जांच शुरू

बताया जाता है कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद जनपद पंचायत बिछिया के सीईओ रमेश मंडावी ने मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने बताया कि जांच के लिए टीम गठित कर मौके पर भेजी गई है। पूरी तरह से छानबीन करने के बाद कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, शिकायतकर्ता द्वारा अभी तक औपचारिक बयान दर्ज नहीं कराया गया है। प्रशासन का कहना है कि बयान मिलते ही तथ्यों के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सरपंच पति की सफाई, यह तो महज एक मजाक था

मामले में विवाद बढ़ता देख सरपंच पति फागूलाल मरकाम ने अपनी सफाई पेश की है। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता युवक उनका रिश्तेदार (भतीजा) है और वीडियो में हो रही बातचीत सिर्फ एक पारिवारिक मजाक था। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वीडियो को गलत संदर्भ में पेश कर उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। वहीं, पंचायत सचिव महासिंह मरावी ने स्पष्ट किया है कि योजना पूरी तरह निशुल्क है और उन्होंने नियमानुसार अपने हस्ताक्षर पहले ही कर दिए थे।

# एमआरपी से ज्यादा वसूली, विरोध करने पर ग्राहकों से अभद्रता

अंजनियां में शराब सिंडिकेट की मनमानी

**अंजनियां।** अंजनियां क्षेत्र की शराब दुकान इन दिनों अवैध वसूली और विवादों का केंद्र बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों और ग्राहकों ने शराब दुकान संचालक पर निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर शराब बेचने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राहकों का कहना है कि दुकान पर खुलेआम तय कीमत से ज्यादा राशि वसूली जा रही है, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है।

पीड़ित ग्राहकों ने बताया कि जब भी कोई व्यक्ति एमआरपी से अधिक दाम वसूले जाने का विरोध करता है, तो दुकान पर मौजूद कर्मचारी उनके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करते हैं। कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शिकायत करने की बात कहने पर सेल्समैनों द्वारा उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश भी की जाती है।

**आसपास के गांवों में अवैध सप्लाई का जाल**-मामला केवल ओवर रेटिंग तक सीमित नहीं है, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मुख्य दुकान से अहमदपुर, माधोपुर, मांद, नरैनी, बंगली, कांसखेड़ा, मानिकपुर और डुडका जैसे आसपास के गांवों में बड़े पैमाने पर अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। इस अवैध कारोबार के कारण ग्रामीण क्षेत्रों का माहौल बिगड़ रहा है और युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है।

**प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल**- स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पूरे गोरखधंधे की जानकारी होने के बावजूद आबकारी विभाग और संबंधित प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से मांग की है कि दुकान की जांच कर एमआरपी से अधिक वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और गांवों में हो रही अवैध शराब की सप्लाई को बंद कराया जाए।





# अविनाश झंकार की धुनों पर झूमे दर्शक, दिग्गजों ने की शिरकत

निवास में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**निवास।** निवास नगर में आयोजित एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुरों और हास्य का अनोखा संगम देखने को मिला। इस विशेष आयोजन में राजनीति, कला और सोशल मीडिया जगत की कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। देर रात तक चले इस उत्सव में बड़ी संख्या में निवास क्षेत्र सहित नगरवासी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### संगीत और मनोरंजन का तड़का

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जबलपुर संस्कारधानी के सुप्रसिद्ध गायक अविनाश झंकार रहे, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज से पूरे माहौल को संगीमय कर दिया। उनकी बेहतरीन गायकी पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आए। वहीं लोकप्रिय कॉमेडी ब्लॉगर पंकज तिवारी ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम में मनोरंजन का तड़का लगाया। संगम म्यूजिक ग्रुप के फारुख जादूगर और उनकी टीम की जादुई प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। दर्शक इस संगीतमय आयोजन में झूमते रहे।

### दिग्गजों की रही उपस्थिति

सांस्कृतिक संध्या में क्षेत्रीय विधायक चैन सिंह वरकड़े और पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम को जीवंत बनाने में फारूख, दीपक पटेल, रितु सिसोदिया, माही मार्को, नितिन देव चौहान, अभिषेक अग्निहोत्री और शिव उइके की सक्रिय भूमिका रही। सुव्यवस्थित आयोजन और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने इस शाम को निवास नगर के लिए यादगार बना दिया।

# सादगी व मिलनसार व्यक्तित्व के जननायक को दी गई विदाई

भाजपा के वरिष्ठ स्तंभ रमेश चौकसे का निधन



**निवास।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश चौकसे का 75 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। चौकसे अपने सरल, मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण के लिए क्षेत्र में एक जननायक के रूप में पहचाने जाते थे। उन्होंने संगठन में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ, जहाँ उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ सामाजिक बंधुओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान विधायक चेनसिंह वरकड़े, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। चौकसे अपने पीछे पुत्र यशवंत एवं इंद्रजीत चौकसे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका जाना संगठन और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

# मुख्यमंत्री का डुमना एयरपोर्ट पर हुआ आत्मीय स्वागत



**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सोमवार की दोपहर डुमना विमानतल पहुँचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री का दोपहर करीब 1.37 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा ट्रांजिट विजिट पर डुमना विमानतल आगमन हुआ और दोपहर 1.44 बजे हेलीकॉप्टर से अमरकंटक के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव अमरकंटक से लगभग शाम 6.30 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिक, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, नगर भाजना अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सुभाष रानू तिवारी आदि गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 7.09 बजे वायुयान से भोपाल के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारी मौजूद थे।

# पमरे के नए महाप्रबंधक ने ग्रहण किया पदभार, सौजन्य बैठक आयोजित



**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। अपने कार्यकाल के प्रथम दिवस महाप्रबंधक कार्यालय में सभी विभागों के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ सौजन्य भेंट की गई इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी हेतु एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल के कार्यों की समीक्षा करते हुए रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, परिचालन दक्षता एवं समयपालन में सुधार लाने, अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों में तेजी लाने, यात्री सुविधाओं का विस्तार करने तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। सौजन्य बैठक के दौरान विभागाध्यक्षों ने महाप्रबंधक को समस्त विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। सभी विभागाध्यक्षों ने पश्चिम मध्य रेल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेल देश के महत्वपूर्ण रेल जोनों में से एक है, जहाँ माल परिवहन के साथ-साथ यात्री ट्रेनों का सुचारु संचालन किया जाता है।विश्वास व्यक्त किया गया कि महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेल के समग्र विकास एवं सेवा गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा।

# आरक्षक पर कार्यवाही की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने घेरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय

**जबलपुर।** समीक्षा टाउन सिविल लाइन में शनिवार को आरक्षक और अधिवक्ता के बीच हुए हाथापाई के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। सोमवार को अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरक्षक पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अधिवक्ता का आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने उन्हें घंटों थाने में बैठाया गया समय पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई समझौते के लिए दबाव बनाया गया। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

विदित हो कि समीक्षा टाउन सिविल लाइन निवासी अधिवक्ता पंकज शर्मा के घर के पास शनिवार शाम कुछ बच्चे शोर-शराबा कर रहे थे। अधिवक्ता ने बच्चों को शांत रहने के लिए कहा और शोर का विरोध किया था। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले और मदन महल थाने में पदस्थ आरक्षक तिवारी वहां पहुंच गए। देखते ही देखते बच्चों की बात पर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए और बात हाथापाई तक पहुंच गई थी। सिविल लाइन थाने में भी मामले को लेकरहंगामा मचा था। दोनों पक्षों के बीच हुई हाथापाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

# अवैध पार्किंग करने वाले 84 वाहनों पर लगाया व्हील लॉक

4 लाख 20 हजार रुपए का वसूला समन शुल्क




**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम द्वारा चार पहिया वाहनों के लिए भंवरताल एवं मानस भवन के पास मल्टी पार्किंग स्थल तथा लार्डगंज बड़ा फुहारा मार्केट आने वाले वाहनों के लिए श्रीनाथ की तलैया में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद कई वाहन चालक सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े कर यातायात बाधित कर रहे हैं। गोरखपुर बाजार, सदर बाजार, सिविक सेंटर, जयंती कॉम्प्लेक्स, भंवरताल गार्डन क्षेत्र, इंद्रा मार्केट और डिलाइट मार्केट सहित विभिन्न स्थानों पर समझाइश के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वाले चार पहिया वाहनों पर व्हील लॉक की कार्रवाई की गई। माह मार्च में कुल 84 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 4 लाख 20 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने उप पुलिस अधीक्षक (मालवीय चौक, गढ़ा, घमापुर) एवं यातायात थानों की संयुक्त टीम द्वारा प्रतिदिन बाजार क्षेत्रों में वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है।

अभियान

पार्षदों के साथ मैदान में उतरे निगम अध्यक्ष

# जनभागीदारी से नंबर 1 बनेगा जबलपुर




**जबलपुर।** संस्कारधानी को स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान पर पहुँचाने के लिए नगर निगम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में स्वच्छता अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न रखते हुए इसे एक जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से नगर निगम अध्यक्ष, पार्षदों और स्थानीय नागरिकों के साथ स्वयं मैदान में उतरे। सोमवार को शहर के वार्डों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और नागरिकों को सक्रिय करने के लिए एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। अभियान को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए वार्डों में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य वार्डों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना है ताकि हर गली और मोहल्ला चकाचक नजर आए। निगम अध्यक्ष ने सभी सम्माननीय जनों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अभियान में केवल सफाई मित्र ही नहीं, बल्कि सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग स्वेच्छा से शामिल हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने झाड़ू उठाकर श्रमदान किया। वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नेतृत्व संभालते हुए जनता को डस्टबिन के उपयोग और कचरा पृथक्करण गीला और सूखा कचरा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने कहा, जबलपुर हम सबका घर है और इसे स्वच्छ रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### जब खुद मैदान में उतरीं पार्षद

वार्ड की पार्षद श्रीमती मधुबाला सिंह ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वयं झाड़ू थामी और सफाई अभियान की शुरुआत की। उन्होंने न केवल सार्वजनिक स्थानों की सफाई की, बल्कि वार्ड के नागरिकों के बीच जाकर उनसे इस अभियान का हिस्सा बनने की भावुक अपील भी की। श्रीमती सिंह ने कहा, सफाई केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

# मैदान में देर रात्रि बज रहे थे कानफोड़ू डीजे

हंगामा फेस्ट कार्यक्रम के दौरान धमकी पुलिस, प्रकरण दर्ज



**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत बर्न कम्पनी मैदान में आयोजित हंगामा फेस्ट कार्यक्रम के दौरान देर रात्रि कानफाडू डीजे बज रहे थे जिसकी भनक लगते ही पुलिस ने दबिश दे दी और अनुविभागीय दण्डाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस के मुताबिक बर्न कम्पनी मैदान में हंगामा फेस्ट कार्यक्रम में तेज साउंड से ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाया जा रहा था। कार्यक्रम की अनुमति समय समाप्त होने के बाद भी आयोजन किया जा रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और पूछताछ की तो पता चला कि कार्यक्रम का आयोजन सनी उर्फ कुलविन्दर सिंह दुग्गल के द्वारा किया जा रहा था। साउण्ड आपरेटर डीजे साउण्ड मे ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करते हुये बीती रात करीब 12:10 बजे तेज आवाज में साउंड बजा रहा था। साउंड ऑपरेटर सोनू उर्फ विपिन कुमार रोहितास पिता विजय कुमार रोहितास निवासी चेरीताल को बुलाया गया। दोनों से कार्यक्रम संबंध में आयोजन वैध अनुमति मांगने पर प्रस्तुत वैधानिक दस्तावेज में अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग रांझी के आदेश अनुसार कार्यक्रम का आयोजन शाम 3 से 5 बजे तक एवं कोलाहल के नियमो के अनुसार साउण्ड का संचालन रात्रि 10 बजे तक करना लेख है। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर साउंड सिस्टम जब्त किया।